संगम भवन हरियाली से महका

संगम भवन को खुबसूरत बनाने हेतु रविवार दिनांक 14जुलाई को अनेक समाज बन्धुओं के श्रमदान से सघन पौधारोपण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ

इस अवसर पर यहां की पार्षद श्रीमती रामा देवी,राजसेवक परिषद के प्रथम व पूर्व मुख्य संरक्षक श्री एस.के.विजय एवं परिषद पदाधिकारियों के साथ, समाज के बडी संख्या मे गणमान्य महानुभाव- समाज के भामाशाह व समाज सेवी श्री श्याम जी विजयवर्गीय(तलाव वाले), महेशनगर धर्मशाला के अध्यक्ष श्री शिवरतनजी, मालवीय नगर के पूर्व अध्यक्ष श्री राधेश्याम जी-(दौसा वाले), महिला मंडल प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती वन्दना जी, जयपुर महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शकुन्तला जी,सांगानेर समाज के अध्यक्ष श्री राजमलजी, मुरलीपुरा-विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष श्री बनवारीलाल जी, विजयवर्गीय युवा संगठन अध्यक्ष श्री जयप्रकाश जी, जोहरी किंग्स (टोंक प्रदेश)के केप्टन श्री अंकुरजी अपने-अपने पदाधिकारी साथियों व परिवार-बच्चों के साथ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम हेतु श्री श्याम जी(तलाब वालों) द्वारा 115, श्री राधेश्याम जी-दौसा वालों) द्वारा 35, व अन्य समाज बन्धुओं द्वारा लगभग 25 निशुल्क पौधे उपलब्ध कराये।

मानव-प्रकृति सेवा से प्रभावित होकर पौधों के रखरखाव हेतु श्री श्याम जी द्वारा 1000रु., श्री राधेश्याम जी, श्री शिवरतनजी (अपनी पोत्री स्वर्गीय चारू विजय की याद मे 21पौधे लगाने हेतु 751रु.के अतिरिक्त) श्री जगदीश जी-नारायणपुर (पौधों को लगाने की मजदूरी, खाद आदि की व्यवस्था के अतिरिक्त) श्री जयप्रकाश जी, श्री अंकुरजी प्रत्येक ने 500रु. प्रति माह राशि प्रदान करने घोषणा/उपलब्ध कराई गई। साथ ही श्री के.एन.विजय-दुर्गापुरा द्वारा 100रु. प्रदान किए।